E7L7D8

## 26

# लुढ़कता चले पहिया



क्या तुमने कभी बैलगाड़ी, साइकिल, स्कूटर या अन्य किसी वाहन पर सवारी की है ? इन्हें देखा तो होगा ही। ये सभी आसानी से चलते हैं।
ये आसानी से क्यों चल पाते हैं? जबकि मेज, बक्सा आदि नहीं चल पाते ? सोचो।

ये आसानी से इसलिए चल पाते हैं क्योंकि इनमें पहिए हैं।

और किस–किस चीज में पहिए होते हैं?

—————————————————————————————

—————————————————————————————

जब पहिये नहीं थे तो क्या होता था? इधर–उधर जाने में क्या दिक्कतें आती होंगी? आपस में चर्चा करो।

## पहिए कहाँ–कहाँ ?

जीप, ट्रेन, घिरनी, रस निकालने की मशीन आदि सभी में पहिए लगते हैं। पहिए ट्रकों, बसों, तांगों, हवाई जहाजों में भी लगते हैं।



अपने आस–पास देखो। पहिए का कहाँ–कहाँ पर उपयोग होता है? इन सभी जगहों/चीजों को तालिका में भरो। यह भी लिखो की पहिए किस काम आते हैं? इनके उपयोग व काम तालिका में भरो –

| क्रमांक | उपयोग किस स्थान/चीज में है? | क्या काम आता है? |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## सोचो और चर्चा करो

1. अगर हमारे पास पहिए नहीं होते तो हम क्या–क्या नहीं कर पाते?
2. पहिए नहीं होते तो हमारे जीवन पर क्या असर पड़ता?

# किसके बने पहिए

क्या तुम्हें पता है बैलगाड़ी का पहिया किस से बनता है? कुम्हार का चाक और गन्ने का रस निकालने वाली मशीन का पहिया किससे बनता है? ट्रक, बस, कार आदि के टायर किससे बनते हैं? अपने दोस्तों के साथ चर्चा करो और जरूरी समझो तो अपनी शिक्षक से भी पता कर इसे तालिका में भरो।

| क्रमांक | पहिया कहाँ लगा है? | किससे बना है? | छोटा है या बड़ा? |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## हमने क्या सीखा ?

### लिखित

1. हर एक के दो–दो उदाहरण दो –
   (i) दो पहिए वाले वाहन
   (ii) तीन पहिए वाले वाहन
   (iii) चार पहिए वाले वाहन
   (iv) छः पहिए वाले वाहन
   (v) छः से अधिक पहिए वाले वाहन

E7V3EV

2. हमारे जीवन में पहिए के कोई तीन उपयोग लिखो।

## खोजो आस–पास

1. मिट्टी या तार से विभिन्न आकार के पहिये बनाओ। उन्हें फर्श पर चला कर देखो।